RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 02 मई 2024 | वर्ष 06 | अंक 14 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## उद्धव ठाकरे क्या चुनाव बाद भी 'इंडिया-एमवीए' में रहेंगे, प्रकाश अंबेडकर ने तंज कसते हुए पूछा

### उद्धव ठाकरे चुनाव के बाद मोदी के साथ जा सकते हैं - प्रकाश अंबेडकर



**पुणे:** वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर ने इस बाद पर संदेह जताया है कि लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद भी शिव सेना (यूबीटी) के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की निष्ठा राज्य में महाविकास अघाड़ी (एमवीए) और राष्ट्रीय स्तर पर ह्यइंडियाह्न ब्लॉक के प्रति बनी रहेगी। अंबेडकर ने ठाकरे को चुनौती दी कि वह लिखित में आश्वासन दें कि जून के पहले सप्ताह में लोकसभा चुनाव के घोषित होने वाले परिणामों के बाद भी वह कांग्रेस-एमवीए को समर्थन देना जारी रखेंगे। उन्होंने शिव सेना (यूबीटी) से भी औपचारिक प्रतिबद्धता की मांग की है कि वह आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तक एमवीए का अंग बना रहेगा।

**ठाकरे मतदाताओं को अभी से लिखित में आश्वासन दें**

एमवीए में मतभेदों की ओर इशारा करते हुए अंबेडकर ने सवाल किया कि ठाकरे मतदाताओं को अभी से लिखित में यह आश्वासन क्यों नहीं दे सकते। जनता के समक्ष अभी से यह स्पष्ट हो जाना चाहिए, अन्यथा इन सबका कोई मतलब नहीं है।इससे पहले वीबीए प्रमुख ने संकेत दिये थे कि चुनाव परिणामों के बाद शिव सेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) बीजेपी के साथ जा सकती है जिसके सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की संभावना है।

**वीबीए किसी गठबंधन के साथ नहीं...**

**वीबीए किसी गठबंधन के साथ नहीं है। वह राज्य की 48 में से 45 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने एमवीए में शामिल होने की कोशिश की थी, लेकिन बात बन नहीं सकी थी। पिछले सप्ताह उसने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं देने के लिए एमवीए, विशेषकर कांग्रेस की आलोचना की थी।**

## मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे ने चुनाव से लिया नाम वापस...

### 'इन' नेताओं के बीच होगी सीधी टक्कर!

**मुंबई :** मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे चुनाव से हट गए हैं. चर्चा चल रही थी कि संजय पांडे मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे. स्थानीय लोगों के आग्रह पर संजय पांडे चुनाव लड़ने जा रहे थे. हालांकि जानकारी सामने आई है कि उन्होंने इस चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया है. इस बीच, महाविकास अघाड़ी ने उत्तर मध्य मुंबई से वर्षा गायकवाड़ के नाम की घोषणा की है। वरिष्ठ वकील उज्जवल निकम को महायुति ने टिकट दिया है. इसी तरह मुंबई पुलिस बल के पूर्व कमिश्नर संजय पांडे भी इस सीट से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे. पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय पांडे 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने डीजी होम गार्ड, पुलिस महानिदेशक, मुंबई के आयुक्त के रूप में भी काम किया है।जैसा कि स्थानीय लोगों ने संजय पांडे से चुनाव लड़ने की मांग की



थी, यह अनुमान लगाया गया था कि उत्तर मध्य मुंबई से त्रिकोणीय मुकाबला होगा, हालांकि, समाचार पत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, उन्होंने इस चुनाव से नाम वापस ले लिया है।

**कौन हैं संजय पांडे?**

संजय पांडे 1986 बैच के पुलिस अधिकारी थे. उन्होंने आईआईटी कानपुर से सूचना प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। उन्होंने पुणे में सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में अपनी पुलिस सेवा शुरू की। वह 1992-93 में मुंबई में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान पुलिस उपायुक्त थे। वह सर्कल-8 के पहले पुलिस उपायुक्त थे जो उस समय मुंबई में स्थापित किया गया था। संजय पांडे ने 1995 से 1998 तक गठबंधन सरकार के दौरान सत्ताधारी दल के खिलाफ गतिविधियों को अंजाम दिया था. 1998 में हावर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद वह कुछ समय के लिए तत्कालीन प्रधान मंत्री की सुरक्षा टीम में थे। उन्होंने 2001 में इस्तीफा दे दिया, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया गया. मामला कोर्ट में चला गया. उस वक्त उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने की भी कोशिश की थी. अदालती लड़ाई के बाद, वह 2011 में फिर से पुलिस बल में लौट आए। इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

## सलमान खान फायरिंग मामला :

### पुलिस कस्टडी में आत्महत्या की कोशिश के बाद आरोपी अनुज थापन की मौत



**मुंबई :** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान फायरिंग मामले में बड़ा अपडेट आया है। आरोपी अनुज थापन को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। मुंबई पुलिस के अनुसार, आरोपी अनुज ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या करने की कोशिश की थी, जिसके बाद उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया था। बता दें कि अनुज को पुलिस ने गोलीबारी करने वाले आरोपियों को हथियार सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर दो लोगों ने गोलीबारी करने की कोशिश की थी। इस मामले में मुंबई पुलिस ने विक्की गुप्ता, सागर पाल, सोनू कुमार चंदर बिश्नोई और अनुज थापन को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का आदमी माना जाता है।

**बढ़ाई गई सलमान खान की सुरक्षा**

मुंबई क्राइम ब्रांच ने पिछले महीने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं, जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने दोनों को मामले में मोस्ट वांटेड संदिग्ध घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2022 से, लॉरेंस बिश्नोई और एक अन्य गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की धमकियों के कारण सलमान खान की सुरक्षा का स्तर वाई-प्लस तक बढ़ा दिया गया है।

## देवेंद्र फडणवीस का उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला...

### बड़बड़ करने वाले की जगह क्या है, बताने की जरूरत नहीं !

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र दिवस के मौके पर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर स्थित कस्तूरचंद पार्क में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी ली। उन्होंने महाराष्ट्र दिवस पर राज्य की जनता एवं विश्व के सभी मराठी बंधुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार महाराष्ट्र ने प्रगति की है, भविष्य में सामान्य लोगों की आशा, आकांक्षा, अपेक्षा को पूर्ण करेगा और आगे बढ़ता रहेगा, यह विश्वास है। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट देने की अपील की।

**उद्धव ठाकरे पर क्या बोले उपमुख्यमंत्री?**

इस दौरान उद्धव ठाकरे को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि व्यक्ति हरदम बड़बड़ करता रहता है, तो



उसका उत्तर देना आवश्यक नहीं। हरदम बड़बड़ करने वाले की जगह क्या है, यह बताने की जरूरत नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि आने वाले लोकसभा के चरणों के चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने मंगलवार को मतदान प्रतिशत के जो आंकड़े दिए हैं, उसे देखकर लग रहा है कि वोटिंग प्रतिशत कम नहीं है, इसलिए मतदान ज्यादा से ज्यादा हो, क्योंकि वोट देना अपना अधिकार है। अपना मत देना है, तो मतदान करना आवश्यक है।

**भाजपा ने कभी कोई आदर्श नहीं बनाया: उद्धव**

दरअसल, शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया कि बीजेपी के पूर्ववर्ती जनसंघ ने 1950 के दशक में शुरू हुए महाराष्ट्र राज्य के निर्माण के संघर्ष में भाग नहीं लिया था। महा विकास आघाड़ी यानी टश्अ में शामिल शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की संयुक्त चुनावी रैली में ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने कभी कोई आदर्श नहीं बनाया। उद्धव ने दावा किया, ''वे कभी भी स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा नहीं थे। यहां तक कि संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन में भी भाजपा की मूल पार्टी जनसंघ ने कभी हिस्सा नहीं लिया।'' उन्होंने ने कहा, ''मेरे दादा प्रबोधनकार ठाकरे, मेरे पिता (बाल ठाकरे) और चाचा श्रीकांत ठाकरे उस आंदोलन में सबसे आगे थे। जनसंघ संयुक्त महाराष्ट्र समिति का हिस्सा था। उनका उद्देश्य समिति में प्रवेश करना, कुछ मांगना और चले जाना था।''

गौरतलब है कि महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में कई हॉट सीटों पर वोटिंग होनी है। तीसरे चरण में जिन हाई-प्रोफाइल सीटों पर मतदान होगा उनमें एनसीपी का गढ़ बारामती के अलावा सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर, रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माढा और हातकणंगले में वोटिंग होगी।

# संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## 'नई सांस' था कोरोना टीका

कोरोना वैश्विक महामारी से जुड़ी एक खबर हम सभी को चिंतित, व्यथित कर सकती है, लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में ह्यकोविशील्डह्ण के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे ह्यदुर्लभ प्रभावह्ण भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही ह्यसाइड इफेक्टह्ण का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें ह्यकोविशील्डह्ण टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें ह्यकोवैक्सीनह्ण टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को ह्यनई सांसह्ण दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है।

भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में ह्यटीटीएस सिंड्रोमह्ण कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पड़ना, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी ह्यअर्द्धसत्यह्ण ही थे।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# केवल भारत को ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के पद को भी टुकड़ों में बांटना चाहता है विपक्ष: मोदी



**लातूर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वह न केवल भारत को ही नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के पद को भी टुकड़ों में बांटना चाहता है। महाराष्ट्र के माधा और धाराशिव के बाद यहां भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार एवं मौजूदा सांसद सुधाकर श्रृंगारे के समर्थन में तीसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ह्यये लोग (विपक्ष) न केवल भारत को, बल्कि प्रधानमंत्री के पद को भी टुकड़ों में बांटना चाहते हैं। उनकी योजना पांच वर्षों में पांच प्रधानमंत्री बनाने की है, जो देश को लूटने के एक व्यवस्थित प्रयास का संकेत देता है। क्या हम उन्हें थोड़ा सा भी मौका दे सकते हैं? यह देश को अस्थिरता की ओर धकेल सकता है, खासकर इस चुनौतीपूर्ण समय में।''

उन्होंने कहा, ''आज, जब भी आप टीवी चालू करते हैं या अखबार उठाते हैं, तो आपको विभिन्न क्षेत्रों में भारत की तीव्र प्रगति को दर्शाने वाली कई रिपोर्टें मिलेंगी - चाहे वह बाजार हो, विनिर्माण, अंतरिक्ष या रक्षा। आइए 2014 से पहले की अवधि को याद करें। उस समय दिल्ली और मुंबई में बम विस्फोटों और आतंकवाद के खिलाफ भारत के संघर्ष की खबरें भरी होती थीं। ''प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, ''आज की तुलना करें - भारत अपनी सीमाओं को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जाना जाता है। पहले, भारत पाकिस्तान को डोजियर सौंपता था, अब सर्जिकल स्ट्राइक करता है।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस शासन के तहत अर्थव्यवस्था जर्जर स्थिति में थी, सुर्खियों में विकास दर और सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों में गिरावट का रोना था। हर दिन एक नए घोटाले की खबर आती थी, लेकिन अब, भ्रष्ट व्यक्ति सलाखों के पीछे हैं और अवैध धन की बड़ी रकम की वसूली की खबरें सुर्खियों में हैं।

भारत का परिवर्तन स्पष्ट है।''उन्होंने कांग्रेस पर जलयुक्त शिवार और मराठवाड़ा जल ग्रिड जैसी जल योजनाओं में लगातार देरी करने और बाधा डालने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र के लोगों को महायुति उम्मीदवारों को वोट देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया, ''आपका वोट एक मजबूत भारत और एक मजबूत सरकार की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण है। आपके वोट मोदी की शक्ति को भी मजबूत करेंगे।'' इस रैली के बाद श्री मोदी तेलंगाना के जहीराबाद में अपनी चौथी चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए रवाना हो गए।

# दस लाख रुपये तक की जब्ती के मामले में तीन सदस्यीय समिति




**मुंबई:** लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में चुनाव आयोग उम्मीदवारों के चुनाव खर्च पर नजर रख रहा है. इसके लिए एक लाख रुपये तक के मामलों के निपटारे के लिए तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की गई है। इसके लिए मुंबई उपनगर कलेक्टर और जिला चुनाव अधिकारी ने तीन सदस्यीय कैश रिलीज समिति का गठन किया है। इस राशि की सीमा के भीतर जब्ती के मामलों में संबंधित इस समिति में अपील कर सकता है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार व्यय नियंत्रण के तहत नकद राशि के निपटान के लिए इस समिति का गठन किया गया है. सहायक आयुक्त अंबरनाथ उघले अध्यक्ष होंगे और सहायक आयुक्त विश्वास मोटे और अधिदान तथा लेखा अधिकारी विलास गांगुर्डे सदस्य होंगे. तीन सदस्यीय समिति का कार्यालय राजस्व भवन सभागार, गुरु नानक अस्पताल के पीछे, बांद्रा (पूर्व) में स्थित होगा।

# महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में पकड़ा गया आदमखोर बाघ...

## बना चुका था 6 लोगों को अपना शिकार



**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में विगत दो माह में छह लोगों की जान लेने वाले बाघ को पिंजरे में बंद कर दिया गया है। आसपास के गांवों में आतंक मचाने वाले इस आदमखोर बाघ को पकड़ने के लिए दो माह तक अभियान चलाया गया। तब कहीं जाकर उसे पकड़ा जा सका।

**वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की थी**

एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नरभक्षी बाघ को सोमवार रात को करवा-बल्लारपुर वन क्षेत्र में पकड़ कर पिंजरे में बंद कर दिया गया। बाघ ने पिछले दो महीनों में सेंट्रल चंदा संभाग में चार लोगों को जबकि चंद्रपुर संभाग में दो अन्य लोगों को मार डाला था। सेंट्रल चंदा संभाग की उप वन संरक्षक (डीसीएफ) श्वेता बोड्डू के अनुसार, वन क्षेत्र में ग्रामीण दहशत में जी रहे थे।

इसके चलते वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की थी। उन्होंने बताया कि बाघ के अधिक सतर्क होने के कारण उसे पकड़ना मुश्किल हो गया था। लेकिन दृढ़ता और धैर्य के साथ वन विभाग ने सोमवार रात को करवा-बल्लारपुर वन क्षेत्र में बाघ को पिंजरे में बंद करके अभियान में सफलता प्राप्त की। तेंदू पत्ता संग्रहण सत्र शुरू होने से पहले इस बाघ को पिंजरे में बंद करना वन विभाग के कर्मियों और सेंट्रल चंदा प्रभाग के ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत की बात है।

# ठाणे नगर पालिका में अधिकारियों, कर्मचारियों की वैकेंसी



**ठाणे:** नगर निगम में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से विभिन्न विभागों में अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी हो गई है। नगर पालिका के 38 अधिकारी और कर्मचारी मंगलवार (30 तारीख) को फिर से सेवानिवृत्त हो गए हैं। खुलासा हुआ है कि शिक्षा विभाग में शिक्षकों के साथ-साथ उपनगरीय अभियंताओं और सफाईकर्मियों की संख्या अधिक है.

शहर की बढ़ती आबादी और नगर निगम में बढ़ते काम के बोझ को देखते हुए कर्मचारियों की संख्या अपर्याप्त होती जा रही है. हालाँकि, उस हद तक भर्ती होती नहीं दिख रही है। जनवरी में 27 कर्मचारी, अधिकारी सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके बाद फरवरी में 23 और लोगों को जोड़ा गया है. इसके बाद नगर पालिका ने बताया कि अप्रैल माह में 38 अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। दिन-ब-दिन अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति से नगर पालिका के विभिन्न विभागों में खालीपन पैदा हो गया है।

मंगलवार को 38 अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गये. इसमें शहर विभाग के उपनगरीय इंजीनियर नितिन येसुगड़े, कलवा अस्पताल के डॉ. शैलेश्वर नटराजन (प्रोफेसर), चित्रा लाहिरे, रमाकांत बपुर्ले (कार्यालय अधीक्षक), भरत लोखंडे (प्रिंसिपल), पांच प्राथमिक शिक्षक, उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, सहायक सुरक्षा अधिकारी, चालक, कांस्टेबल, नानी, मुकादम, बिगारी, सुपीरियर फील्ड वर्कर और 14 सफाई कर्मचारी सहित।

नगर निगम में प्राथमिक 111 और माध्यमिक 23 सहित 134 स्कूल हैं। इन विद्यालयों में वर्तमान में 35 हजार 412 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। हालाँकि नगर निगम स्कूलों में 900 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वास्तव में केवल 670 शिक्षक ही उपलब्ध हैं। देखा जा रहा है कि रिटायर होने वाले शिक्षकों की संख्या बढ़ती जा रही है. इसलिए एक शिक्षक पर दो कक्षाओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी है।


# भिवंडी शहर के हनुमान नगर स्थित ऑक्सीस बैंक के ATM में हेराफेरी कर ठगी !




**भिवंडी :** शहर के कामतघर हनुमान नगर स्थित ऑक्सीस बैंक के एटीएम से पैसा निकालने गये एक युवक का ठगबाजों द्वारा एटीएम की हेराफेरी कर बैंक से रुपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। युवक की शिकायत पर शहर पुलिस ने एटीएम मशीन से पैसा निकालने के समय मौजूद अज्ञात ठगबाज के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आशीर्वाद कामतघर निवासी स्वामी पेंटय्या अवधूत 20 अप्रेल को रात्रि 8 बजे के करीब हनुमान स्थित ऑक्सीस बैंक के एटीएम मशीन से अपनी पत्नी का एटीएम कार्ड लेकर पैसा निकालने गये थे। इस दरमियान एटीएम मशीन के कैंपस में पहले से पैसा निकाल रहे एक अज्ञात व्यक्ति ने हाथ की चालाकी से उसका एटीएम कार्ड की हेराफेरी कर उनकी पत्नी के बैंक खाता से 18 हजार 800 रुपए निकाल कर ठगी कर लिया। बैंक खाते से रुपए निकालने के बाद इस बात की बैंक जाकर चौकसी किया, तब जाकर उसे एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हुआ है। पुलिस ने अज्ञात ठगबाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी आगे की जांच पुलिस उप निरीक्षक पाटिल कर रहे हैं।

# नवी मुंबई के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के कई मामले आए सामने...

**पनवेल:** नवी मुंबई के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में महिलाओं के खिलाफ विभिन्न अपराध जैसे एक महिला के साथ बलात्कार, ससुराल वालों द्वारा पीड़ित पर अत्याचार, एक बच्ची का अपहरण की सूचना मिली है। महिलाओं के लिए सुरक्षित कहे जाने वाले राज्य महाराष्ट्र में इस समय महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा खड़ा हो गया है। पिछले दो हफ्ते में लड़कियों के साथ यौन शोषण की दो घटनाएं सामने आई हैं. पहली घटना तब भड़की जब लड़की ने स्कूल टीचर को बताया कि उसका सौतेला पिता उसके साथ दुर्व्यवहार कर रहा है। खिड़कपाड़ा गांव की दूसरी घटना में चाचा ने भतीजे के साथ बचपन से ही दुष्कर्म किया, लेकिन शादी के बाद भी उसने उसके पति को उसकी




अश्लील तस्वीर भेजकर शादी तोड़ने के लिए मजबूर किया। फिलहाल हत्यारोपी चाचा पुलिस की गिरफ्त में है.

मंगलवार को महाराष्ट्र दिवस की पूर्व संध्या पर सामने आई एक घटना में, जसाई गांव में रहने वाली 35 वर्षीय एक महिला के साथ मध्य प्रदेश के रहने वाले 26 वर्षीय अजीत श्रीवास्तव ने लौटने के बहाने पनवेल रेलवे स्टेशन के पास बलात्कार किया। सोना। मंगलवार को सामने आई दूसरी घटना में, पनवेल शहर के कच्छी मोहल्ले में सूफा मस्जिद के पास रहने वाले अनस शेख और उसके परिवार ने 25 वर्षीय एक महिला से छेड़छाड़ की। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि पति द्वारा प्रताड़ना के साथ-साथ अप्राकृतिक शोषण भी किया गया. मंगलवार को तीसवीं घटना में लड़की की मां ने सुबह-सुबह कलंबोली के रोडपाली इलाके के एक ढाबे से 11 साल की लड़की के अपहरण की सूचना दी है.

पिछले साल नवी मुंबई क्षेत्र के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में महिलाओं से संबंधित 703 अपराध दर्ज किए गए थे। इनमें से 689 अपराध नवी मुंबई पुलिस द्वारा प्रकाश में लाए गए। 98 प्रतिशत अपराधों का पता चल जाता है। पिछले साल 1033 महिलाएं लापता हो गईं, जिनमें से 800 खुद ही लौट आईं और पुलिस ने उनका पता लगा लिया, लेकिन लापता महिलाओं को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन में तेजी नहीं आई है. ऐसा लगता है कि महिलाओं के उत्पीड़न, अपहरण, छेड़छाड़ जैसे अपराध दर को कम करने के लिए सोशल इंजीनियरिंग के प्रयोग कम हो गए हैं।

# मुंबई के रेस्तरां को सर्विस चार्ज लेना पड़ा महंगा...

## उपभोक्ता आयोग ने 25000 रुपये का ठोका जुमार्ना !



**मुंबई :** हम किसी भी रेस्तरां में कुछ खाने जाते हैं और जब बिल आता है तो उस पर सर्विस चार्ज भी लिखा होता है, जिसका भुगतान हम करते हैं। वहीं, मुंबई में एक रेस्तरां को सर्विस चार्ज लेना महंगा पड़ गया है। ग्राहक के बिल पर अनिवार्य पांच प्रतिशत सेवा शुल्क लगाने के लिए दक्षिण मुंबई जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग द्वारा मुंबई के एक रेस्तरां पर 25,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

**2017 में प्रतिष्ठान के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी**

इसके अतिरिक्त, आयोग ने प्रिंस कुजीन प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाले और गिरगांव में आइसक्रीम बेचने वाले सेंटर के रूप में काम करने वाले रेस्तरां को ग्राहक को 29 रुपये का सेवा शुल्क वापस करने का निर्देश दिया है। आयोग ने वकील योगेश एस पाटकी के पक्ष में फैसला सुनाया, जिन्होंने 2017 में प्रतिष्ठान के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। आयोग ने सेवा शुल्क को अत्यधिक आपत्तिजनक और अवैध दोनों माना। आदेश में कहा गया कि अनिवार्य सेवा शुल्क वसूलना अनुचित और कानून के खिलाफ है और इसलिए इसे बिल्कुल भी उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

इसके अलावा, आयोग ने कहा कि यदि कोई रेस्तरां भोजन और पेय बिल के अलावा अनिवार्य सेवा शुल्क लगाता है, तो इसका मतलब है कि प्रदान की गई सेवाएं विशिष्ट मानकों और गुणवत्ता को पूरा करती हैं। इसमें समग्र सेवा के हिस्से के रूप में रेस्तरां के माहौल, एयर कंडीशनिंग, क्रॉकरी, कालीन, फर्नीचर और वेटर्स सहित कर्मचारियों की उपस्थिति जैसे विभिन्न कारक शामिल हैं। अपने बचाव में, कंपनी ने आतिथ्य उद्योग में एक प्रमुख सेवा प्रदाता होने का दावा किया, केवल रेस्तरां में भोजन करने वाले ग्राहकों के लिए शुल्क लगाने को उचित ठहराया। रेस्तरां ने आगे कहा कि सेवा शुल्क को प्रवेश द्वार, फ्रंट डेस्क और मेनू सहित पूरे परिसर में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया था।

# स्लैप गिरने से मासूम लड़की की मौत

**विरार :** विरार पुलिस स्टेशन अंतर्गत नारंगी क्षेत्र में एक इमारत के बेडरूम का स्लैप गिरने से एक दो साल मासूम लड़की की मौत होने की घटना सामने आई है। इस संबंध में विरार पुलिस ने सीआरपीसी कलम 174 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, परेश रमेश कठेरिया, निवासी-नारंगी रोड, विरार पूर्व में रहता है। बताया जाता है कि, 29 अप्रैल को परेश की छोटी बेटी (उम्र 2 वर्ष) जब बेडरूम में सो रही थी, तभी बेडरूम में लगे सिलिंग के कुछ स्लैप पार्ट्स उसके सिर पर गिर गए और वह घायल हो गई। आनन-फानन में उसे संजीवनी हॉस्पिटल में उपचार हेतु ले गए, जहाँ इलाज के दौरान उपरोक्त लड़की की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को परीक्षण हेतु के बाद शव को परिजन को सौप दिया है। आगे की तहकीकात पुलिस कर रही है।

# मुलुंड में तंदूरी चिकन के पैसे को लेकर कांस्टेबल की हत्या...

## मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत कांस्टेबल




**मुंबई :** मुंबई में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के मुलुंड इलाके में तंदूरी चिकन के पैसे को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गई। वारदात में एक युवक घायल हुआ है। पुलिस ने घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतक युवक की पहचान अक्षय नार्वेकर के रूप में हुई है। वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था।

युवक की हत्या महज 200 रुपए के विवाद में हुई है। पुलिस को घटना की जानकारी तब हुई जब स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी दी। पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक अक्षय और उसका दोस्त आकाश साबले खून से लथपथ पड़े हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों को ज्यूपिटर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अक्षय को मृत घोषित कर दिया जबकि आकाश की हालत अभी भी गंभीर है और उसका इलाज चल रहा है।

**200 रुपए को लेकर हुआ विवाद**

पुलिस के अनुसार, अक्षय और उसका दोस्त आकाश रविवार दोपहर को तंदूरी चिकन खरीदने के लिए ठाणे के किसान नगर इलाके में एक रेस्तरां में गए थे। तन्दूरी चिकन लेने के बाद रेस्टोरेंट के कैशियर ने उन्हें 200 रुपए का बिल दिया, उनके पास कैश पेमेंट नहीं था। उन्होंने बिल भुगतान के लिए डेबिट/क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने को कहा। दुकान पर स्वाइप करने की मशीन नहीं थी इसलिए कैशियर ने उन्हें नकद भुगतान करने के लिए ही कहा इस बात पर दोनों के बीच बहस हो गई।

**लोहे की रोड़ और चाकू से किया हमला**

बाद में अक्षय ने गूगल पे के जरिए 200 रुपए का भुगतान कर दिया, लेकिन कैशियर ने खाते में पेमेंट न आने की बात कही। इस बात पर फिर से दोनों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान अक्षय और उसके दोस्त ने रेस्तरां बंद करने की धमकी दे डाली।

# दादर पूर्व में चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने ₹1.14 करोड़ की नकदी की जब्त !

**मुंबई:** चुनाव आयोग के उड़न दस्ते ने भोईवाड़ा पुलिस के साथ मिलकर सोमवार देर रात ₹1.14 करोड़ की नकदी जब्त की। यह नकदी दादर पूर्व में डॉ. बी.ए. रोड पर जब्त की गई। पुलिस के अनुसार, नाकाबंदी के दौरान, उन्होंने एक टोयोटा फॉर्च्यूनर को रोका और एसयूवी में 46 वर्षीय व्यवसायी



विपुल नागदा को अपने ड्राइवर 31 वर्षीय आदित्य जावले के साथ पाया। ''हमें चार अलग-अलग बोरियों में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक नकदी मिली, इसलिए इसे जब्त कर लिया गया। नकदी जब्ती की सूचना आयकर विभाग और चुनाव आयोग सेल को भी दी गई। नकदी ले जाने वाले व्यक्ति को नियमों के अनुसार आयकर विभाग के साथ अपील प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई, ''पुलिस अधिकारी ने कहा। पुलिस ने कहा कि नागदा एक होटल व्यवसायी और बिल्डर है जो लालबाग में रहता है और बीएमसी एफ साउथ वार्ड से माटुंगा कार्यालय की ओर जा रहा था।

## समुद्र के किनारे 100 फीट ऊंचे सुई शंकु से राज्य को सलाम

**ठाणे:** कल्याण की एक पर्वतारोहण संस्था सह्याद्री रॉक एडवेंचर ने रत्नागिरी में समुद्र के पास लगभग 100 फीट ऊंचे सुई शंकु से महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर राज्य को सलामी देकर एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। मुख्य बात यह है कि शंकु समुद्र के ठीक बगल में है और प्रदर्शन करते समय पकड़ पानी से फिसलने का जोखिम अधिक था। परंतु अनुभवी टीम एवं योजनाबद्ध प्रदर्शन के कारण उक्त अभियान सफल रहा। कल्याण में सह्याद्रि रॉक एडवेंचर एक पर्वतारोहण संगठन है। इस संगठन के पर्वतारोही साहसिक कारनामे कर रहे हैं और कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इस संगठन ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन किया है. महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर, रत्नागिरी में सुया सुल्का ने 100 फीट लंबा सुया सुल्का खड़ा करके राज्य को सलाम किया। इस प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण यह है कि शंकु समुद्र के ठीक बगल में है।

# अंधेरी/ गोखले ने पुल के बीम के स्पेयर पार्ट्स में देरी...

## ठेकेदार से मनपा ने स्पष्टीकरण मांगा



**मुंबईः** अंधेरी को पूर्व-पश्चिम से जोड़ने वाले गोपालकृष्ण गोखले पुल के दूसरे गर्डर के स्पेयर पार्ट्स के आने में देरी से पुल के दूसरी तरफ का शेड्यूल बाधित होने की संभावना है। नतीजतन, बीम खड़ा करने की मई माह के अंत की समयसीमा टालनी पड़ेगी। इस मामले में नगर निगम प्रशासन ठेकेदार से स्पष्टीकरण मांगेगा और संतोषजनक न होने पर प्रशासन ने कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

गोखले ब्रिज का निर्माण शुरू होने के 15 महीने (26 फरवरी) बाद एक तरफ का काम शुरू हुआ। अप्रैल की शुरूआत में पुल के दूसरी तरफ के बीम के हिस्सों को दिल्ली से मुंबई लाया जाना शुरू हो गया था. सभी पार्ट्स आने के बाद 31 मई तक गर्डर स्थापित करने, पुल के पहुंच पथ का निर्माण करने और 31 दिसंबर तक पूरे पुल को यातायात के लिए खोलने की योजना है। ब्रिज गर्डर के 32 स्पेयर पार्ट्स 22 अप्रैल तक मुंबई आने की उम्मीद थी और 30 अप्रैल से ब्रिज का कनेक्शन शुरू हो जाएगा। लेकिन ये सभी पार्ट्स अभी तक नहीं आये हैं. इसलिए बीम स्थापित करने के काम में देरी होगी.

नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि आगे का सारा काम स्पेयर पार्ट्स आने पर ही निर्भर है। बीम स्थापित करने के लिए क्रेनें खड़ी करनी होंगी। इसलिए पहले पहुंच मार्ग नहीं बनाए जा सकते। अधिकारियों ने बताया कि स्पेयर पार्ट्स जोड़ने के बाद ट्रैक के काम के लिए रेलवे से ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके बाद बीम लगाई जाएगी और एप्रोच का काम किया जाएगा। अम्बाला स्थित फैक्ट्री रेलवे प्रशासन द्वारा प्रमाणित है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ठेकेदार से बीम के स्पेयर पार्ट्स आने में देरी का कारण पूछा जायेगा.

# विरार में मिसल की दुकान में लगी भीषण आग

## दुकान जलकर खाक... शहर में आग लगने की घटनाएं जारी हैं

**वसई:** नालासोपारा में गैस पाइप फटने से द्वारका होटल में आग लगने की घटना के बाद बुधवार को विरार पश्चिम इलाके में एक मिसल की दुकान में आग लग गई. घटना सुबह करीब आठ बजे की है. इस आग में दुकान जलकर खाक हो गई है. आनंद लक्ष्मी बिल्डिंग विरार पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास गावथन रोड पर स्थित है। इसके गाला नंबर 5 और 6 में घुमटकर मिसल की दुकान है। बुधवार सुबह करीब आठ बजे इस दुकान में अचानक आग लग गई। इससे नागरिक सहम गये. इस घटना की जानकारी जैसे ही नगर पालिका के विरार फायर स्टेशन को मिली तो वे मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का काम शुरू किया, लेकिन आग ज्यादा भड़कने के कारण बिल्डिंग में धुएं का माहौल बन गया. इसलिए



इस इमारत में रहने वाले नागरिकों को दमकल कर्मियों ने तुरंत बाहर निकाल लिया। दुकान में रखे सात सिलेंडर भी बाहर निकाल लिए गए। नगर पालिका के फायरकर्मियों ने दो से ढाई घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिये जाने की जानकारी दी है. गनीमत यह रही कि इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई और दुकानें जलकर खाक हो गईं। जिस वक्त आग लगी उस वक्त दुकान बंद थी, आग किस वजह से लगी इसका पता नहीं चल पाया है। मंगलवार को नालासोपारा में गैस पाइप फटने से द्वारका होटल जलकर खाक हो गया. सात लोग घायल हो गये.

# सफाई कर्मचारियों की मौत!

## राष्ट्रीय स्वच्छता आयोग द्वारा कार्रवाई का निर्देश, मृतकों के परिजनों को 30-30 लाख रु



**वसई:** विरार के ग्लोबल सिटी सीवेज प्लांट में चार कर्मचारियों की मौत हो गई. चूंकि यह घटना लापरवाही के कारण हुई, इसलिए आयोग के अध्यक्ष ने ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और प्रत्येक मृतक के वारिसों को 30 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है. ग्लोबल सिटी, विरार वेस्ट में एक सीवेज प्लांट है। यहां के टैंक 25 से 30 फीट गहरे हैं। 9 अप्रैल को चार लोग, शुभम पारकर (28), अमोल घाटल (27), निखिल घाटल (24) और सागर तेंडुलकर (29) सफाई के लिए टैंक में उतरे थे। इसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गयी. मंगलवार को नई दिल्ली से राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने घटनास्थल का दौरा किया. इसके बाद नगर पालिका मुख्यालय में विशेष समीक्षा बैठक हुई. आयुक्त अनिल कुमार पवार, अपर आयुक्त रमेश मनाले एवं संजय हेरवाडे, तहसीलदार डॉ. अविनाश कोष्टी, पुलिस अधिकारी, ठेकेदार, मृतक के परिजन उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने मृतकों के वारिसों से बातचीत की.

घर का कमाने वाला चला गया। हमारा समर्थन खो गया है. उन्होंने आयोग अध्यक्ष के समक्ष अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि यदि ठेकेदार सुरक्षा उपकरण मुहैया कराते तो ऐसी घटना नहीं होती. जो घटना हुई वह बेहद दर्दनाक है और आयोग के अध्यक्ष ने सुझाव दिया कि जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए. जैसे ही यह भनक लगी कि ठेकेदार की ओर से शुरू में मदद करने में देरी होगी, आयोग के अध्यक्ष, कमिश्नर, तहसीलदार ने ठेकेदार को लाइन हाजिर कर दिया और आदेश दिया कि उन तक मदद समय पर पहुंचनी चाहिए। हालांकि घटना के संबंध में ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, वहीं आयोग ने पुलिस को अत्याचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है. चारों मृत व्यक्तियों के वारिसों को पॉलीकॉम के ठेकेदारों द्वारा 30-30 लाख रुपये दिये जायेंगे. शुक्रवार सुबह इन वारिसों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक दिए जाएंगे। आयोग ने शेष राशि का काम 20 मई तक पूरा करने का आदेश दिया है.

# भांडुप के प्रसूति अस्पताल में महिला ने टार्च के सहारे बच्चे को जन्म दिया...


## बच्चे सहित महिला की मौत, जांच हेतु नगर पालिका समिति का गठन



**मुंबई:** पूर्वी उपनगर भांडुप स्थित सुषमा स्वराज मैटरनिटी हॉस्पिटल में टॉर्च के सहारे बच्चे को जन्म देने की घटना सामने आई है. इस घटना के बाद महिला के परिजनों ने अपना गुस्सा जाहिर किया है और मामले पर संज्ञान लेते हुए मुंबई नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने एक जांच समिति का गठन किया है. सोमवार को भांडुप में नगर निगम के सुषमा स्वराज मैटरनिटी हॉस्पिटल में एक मुस्लिम महिला को डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। प्रसव के दौरान अचानक बिजली गुल होने से ऑपरेशन थिएटर में अंधेरा छा गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर ने टॉर्च की रोशनी में सिजेरियन सेक्शन के जरिए महिला की डिलीवरी कराई। हालांकि, नवजात की मौत हो गई, जबकि प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव के कारण महिला की हालत गंभीर हो गई। इसलिए उसे तुरंत शिव अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, शिव हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई. इस घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गये. पूर्व स्थानीय नगरसेवक ने इस घटना का विरोध किया और मुंबई नगर निगम के प्रबंधन के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त किया। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए मुंबई नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने एक जांच समिति का गठन किया।

# चेंबूर इलाके में नाकाबंदी के दौरान पुलिस को कार में मिली 40 लाख कैश..

**मुंबई :** चेंबूर इलाके में नाकाबंदी के दौरान पुलिस को एक कार में चालीस लाख की नकदी मिली. इस मामले में तिलकनगर पुलिस ने नकदी और ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस सभी जगहों पर नाकेबंदी कर रही है. इसके मुताबिक, मंगलवार को चेंबूर के



पेस्टम सागर इलाके में पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी. तभी यहां एक कार आई। पुलिस को इस कार पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत कार को एक तरफ ले जाने को कहा. इसके बाद जब अधिकारियों ने कार की जांच की तो पुलिस को कार में चालीस लाख रुपये की रकम मिली. इस रकम के बारे में ड्राइवर द्वारा सही जानकारी नहीं देने पर तिलकनगर पुलिस ने कैश और ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस और चुनाव अधिकारी इस संबंध में आगे की जांच कर रहे हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com